प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे पर आयोजित समारोह में होंगे शामिल, जारी करेंगे 90 रुपये का सिक्का।
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार आज इलेक्शन मैस्कट आई भाई और अन्य प्रसार सामग्रियों का करेंगे लोकार्पण, मतदाताओं को जागरूक करना उद्देश्य ।
3. सुप्रीम कोर्ट में आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी पर होगी सुनवाई, बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति देने से हाईकोर्ट के इनकार के फैसले को दी थी चुनौती।
4. राज्य में कई इलाकों में कल आंधी के साथ हुई बारिश से जीवन प्रभावित,कई जिलों में गिरे पेड़ और बिजली पोल, लातेहार और धनबाद में दो लोगों की मौत।
5. और हॉकी इंडिया अवार्ड समारोह में झारखंड की सलीमा टेटे को मिला वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवॉर्ड, दीपिका सोरेंग को सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का सम्मान।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक दिन के मुंबई दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, वे भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 90 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक अप्रैल 1935 से कार्य करना शुरू किया था और आज इसके 90 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित समारोह में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड तथा पंकज चौधरी भी हिस्सा लेंगे।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार आज इलेक्शन मैस्कट आई भाई का लोकार्पण करेंगे। रांची स्थित निर्वाचन सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अन्य प्रसार सामग्रियों का भी लोकार्पण होगा।

*****************

गुमला जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों में चुनाव संबंधित जागरूकता स्टिकर्स, पोस्टर और कार्यालयों के बाहर सेल्फी प्वाइंट लगाते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कोषांग की ओर से अपील की गई है कि जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में नहीं है वे फॉर्म 6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इधर सरायकेला–खरसावां जिले में स्वीप कोषांग के अंतर्गत कल जेएसएलपीएस द्वारा कुचाई प्रखंड के रुगुडीह पंचायत खरसावां प्रखंड के बुरुडीह और चिलकु पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

*****************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीयूईटी में आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर पांच अप्रैल कर दी है। अब छात्र पांच अप्रैल को रात नौ बजकर पचास मिनट तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी।

*****************

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में बजट की 90 प्रतिशत राशि खर्च करने का अनुमान किया है। साथ ही करीब 12 हजार करोड़ रूपये के सरेंडर होने का अनुमान लगाया है। इस वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कल करीब एक लाख करोड़ से अधिक की कुल निकासी अनुमानित है। वहीं करीब चार सौ पचास आवंटन आदेश जारी कर दो सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की निकासी संभावित है।

*****************

रांची के हुसीर की रहनेवाली दिव्यांग गुलफ्शा ने विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण मे महारत हासिल की है। अपने हुनर की वजह से आज वह आत्मनिर्भर है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट में आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी पर सुनवाई होगी। विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के हाई कोर्ट के फैसले को हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिसकी सुनवाई के लिए मामला जस्टिस सूर्यकांत द्विवेदी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में सूचीबद्ध किया गया है।

*****************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गये हैं जिससे विद्युत सेवा प्रभावित हुई है। लातेहार में पेड़ गिरने से और धनबाद में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई है। इधर राज्य के कई जिलों में आज भी बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में जताया है कि आज भी गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है।

*****************

हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार–2023 का आयोजन कल दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर–21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया। समारोह में ओलिंपयन निक्की प्रधान और संगीता को भी सम्मानित किया गया।

*****************

संक्षिप्त खबरें–

- गोड्डा जिले के बसंतराय थाना क्षेत्र के गुडगामा गांव में तीन दिनों से लापता एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।
- खूंटी में जिला उत्पाद और सदर थाना पुलिस ने संयुक्त छापामारी अभियान चलाया । इस दौरान अवैध शराब निर्माण के पांच भट्ठी और चार क्विंटल से अधिक जावा महुआ सहित शराब नष्ट की गयी।
- साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र के जुहीबोना गांव में लकड़ी माफियाओं को पकड़ने गए वन कर्मियों पर हमला किया गया है इसमें दो वन कर्मी घायल हो गए। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस ने मामले की छानबीन की और इलाके में फ्लैग मार्च निकाला।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने मेरठ में प्रधानमंत्री और दिल्ली में इंडि गठबंधन की आयोजित रैली की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

दैनिक हिंदुस्तान ने लिखा है – महारैलियों से चुनावी महासंग्राम का आगाज।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हॉकी इंडिया एनुअल अवार्ड, झारखंड की सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द इयर पुरस्कार।

झारखंड मुक्केबाजी संघ ने रांची की मान्यता समाप्त की, शीर्षक के साथ दैनिक जागरण ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– राजधानी में आंधी ने मचायी तबाही, दर्जनों पेड़ गिरे, बिजली गुल।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को आवास पर जाकर दिया भारत रत्न।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी दिल्ली में इंडि गठबंधन की रैली और मेरठ में प्रधानमंत्री की सभा की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।